**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी से ही सशक्त उत्तराखण्ड और विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है।
- भारतीय चिकित्सा संघ ने देश में एच–1 एन–1 इन्फ्लूएंजा के प्रसार को लेकर परामर्श जारी किया। कहा– घबराने की जरूरत नहीं, सतर्कता बरतने पर जोर।
- देहरादून में सेलाकुई के मौजा सेंट्रल होप टाउन में करीब 10 साल बाद ऑनलाइन हुई खतौनी, 25 हजार से अधिक लोगों को मिली राहत। मुख्यमंत्री ने लिया था मामले का संज्ञान।
- मुंशी हरि प्रसाद टम्टा की जयंती पर बागेश्वर और अल्मोड़ा में कार्यक्रमों का आयोजन। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनके संघर्ष को किया गया याद।

**मुख्यमंत्री/रक्षा सूत्र**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी से ही सशक्त उत्तराखण्ड और विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है। आज देहरादून में आयोजित रक्षा बंधन कार्यक्रम में प्रदेशभर से आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री को रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। श्री धामी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेशवासियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सशक्त बहना उत्सव योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय उत्पादों, स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**एच1एन1**

भारतीय चिकित्सा संघ– आईएमए ने इन्फ्लूएंजा–ए, एच1एन1 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। आईएमए का कहना है कि अधिकतर संक्रमण हल्के होते हैं और अपने आप ठीक हो जाते हैं, इसलिए घबराने की कोई बात नहीं है। आईएमए ने लोगों को फ्लू के लक्षणों के लिए डॉक्टर की पर्ची के बिना एंटीबायोटिक्स न लेने की सलाह दी है। विशेष रूप से एज़िथ्रोमाइसिन, एमोक्सिसिलिन–क्लैवुलनेट और सेफिक्साइम जैसी एंटीबायोटिक्स खुद नहीं लेने की चेतावनी दी है। आईएमए ने बताया कि एच1एन1 में आमतौर पर अचानक तेज बुखार और ठंड लगना, लगातार सूखी खांसी, गले में खराश, मांसपेशियों में तेज दर्द और थकान जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अन्य लक्षणों में सिरदर्द, नाक बहना या बंद होना, मतली, उल्टी और दस्त शामिल हो सकते हैं।

**भाोभायात्रा**

टपकेश्वर महादेव की भव्य शोभायात्रा के अवसर पर आज देहरादून शिवमय नजर आया। श्रद्धालुओं की भीड़, आकर्षक झांकियों, ढोल–नगाड़ों और 'हर–हर महादेव' के जयकारों से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोभायात्रा में शामिल होकर पूजा–अर्चना की और यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन आस्था, एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने के साथ ही नई पीढ़ी को संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं।

**पॉडकास्ट**

आकाशवाणी समाचार, देहरादून के पॉडकास्ट ''देवभूमि उत्तराखंड की बात– आकाशवाणी के साथ'' के नए अंक में इस बार उत्तराखंड की लोक यात्राओं पर चर्चा की गई है। इस अंक में लोक संस्कृति, रंगमंच और लोककला के प्रख्यात विद्वान डॉ. डी.आर. पुरोहित लोक यात्राओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा करेंगे।

यह पॉडकास्ट कल सुबह नौ बजे से आकाशवाणी समाचार देहरादून के यूट्यूब चैनल– आकाशवाणी न्यूज उत्तराखंड सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही, शनिवार दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर आकाशवाणी देहरादून 100 दशमलव 5 मेगाहर्ट्ज पर 'उत्तराखंड विशेष' कार्यक्रम में इस पॉडकास्ट का ऑडियो भी प्रसारित किया जाएगा।

**खतौनी ऑनलाइन**

देहरादून के सेलाकुई के मौजा सेंट्रल होप टाउन में लगभग 8 से 10 वर्षों से बंदोबस्ती प्रक्रिया के कारण बंद पड़ी खतौनी आखिरकार ऑनलाइन भूलेख पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है। बंदोबस्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद मौजा सेंट्रल होप टाउन के एक हजार 188 खातों को ऑनलाइन भूलेख प्रणाली से जोड़ दिया गया है। इससे क्षेत्र की करीब 25 से 30 हजार आबादी को लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि 11 जुलाई को आयोजित ''जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार'' कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनता ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से खतौनी ऑनलाइन न होने की गंभीर समस्या साझा की थी। मुख्यमंत्री के निर्देश के महज 45 दिनों के भीतर यह कार्रवाई पूरी हुई। ऑनलाइन खतौनी उपलब्ध होने से दाखिल–खारिज, बैंक ऋण, विरासत दर्ज कराने और विभिन्न प्रमाण–पत्र बनवाने जैसे कार्य अब आसानी से हो सकेंगे।

**हरि प्रसाद टम्टा जयंती**

समाज सुधारक और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी मुंशी हरि प्रसाद टम्टा की जयंती पर आज बागेश्वर में गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके सामाजिक सरोकारों, वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनके संघर्ष को याद किया। पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि मुंशी हरि प्रसाद टम्टा का पूरा जीवन समाज सुधार के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम के आयोजक संजय कुमार टम्टा ने कहा कि मुंशी हरि प्रसाद टम्टा का जीवन संघर्ष, सामाजिक चेतना और समाज सेवा की प्रेरणादायक मिसाल है। उधर, अल्मोड़ा के गांधी पार्क चौघानपाटा में आयोजित कार्यक्रम में मुंशी हरि प्रसाद टम्टा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल ने कहा कि स्वर्गीय टम्टा ने समता मूलक समाज की स्थापना और वंचितों को शिक्षा जैसे कार्य किए।

**खाद्य सुरक्षा अभियान**

त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ प्रदेशभर में जांच अभियान जारी है। इसी क्रम में टिहरी जिले में आज खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान ढालवाला क्षेत्र में पनीर, तेल, मिठाई और नमकीन–चिप्स के नौ नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। टीम ने खाद्य निर्माण इकाइयों का निरीक्षण भी किया, जहां अनियमितता मिलने पर नोटिस जारी किया गया। विभाग ने कहा कि खाद्य पदार्थों के मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।